पुणना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

HALF YEARLY EXAMINATION (2020 - 21)					
Student's Name:		Grade	VI	Roll No.	
Date:	08/09/2020 (Tuesday)	Time	3 hrs.	Subject	HINDI
Teacher's Sign.				Total marks	80

अपठित गद्यांश

प्र:1 निम्नलिखत अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [10Marks]

1-एक कौए ने मोर के पंख लगा लिए और अपने को मोर समझ कर मोरों की टोली में जा घुसा। उसे देखकर मोरों ने उसे फ़ौरन पहचान लिया। फिर क्या? दुसरे ही पल सारे मोर उस पर झपट पड़े। चोंच मारकर उसे अपनी टोली से दूर भगा दिया। रोता हुआ कौवा अपने घर वापिस आ गया। तभी तो कहा गया है कि नक़ल को अकल कहाँ।

(1) कौए ने किसके पंख लगा लिए थे?

(2) कौवा किसकी टोली में जा घुसा?

(3) मोरों ने उसे देखकर क्या किया?

(4) रोता हुआ कौवा कहाँ आ गया?

(5) कहानी का उचित शीर्षक लिखो?

(ब)निम्नलिखत अपठित पदयांश को पढ़कर प्रशनों के उत्तर लिखिए- [10Marks]

आओ हम सब झूला झूलें
ऊँचें चढ़कर नभ को छू लें।
दुख-उदासी को हम भूलें
ख़ुशियों की हर कलियाँ चुन लें।।
नई बहारें आएँगी।
सबका मन हर्षाएँगी।
दुख को दूर भगाएँगी

भर-भर खुशियाँ लाएँगी।।

(1) बच्चे ऊँचा चढ़कर किसे छूना चाहते है?

(क) झूले को (ख) नभ को

(2)झूला झूलने से मन में क्या परिवर्तन होगा?

(क) मन खुश होगा (ख) मन दुखी होगा

(3) नई बहारों के आने पर क्या होगा?

(क) मन दुखी होगा (ख) मन हर्षाएँगा

(4) दुख और उदासी को दूर भगाने क्या होगा?

(क) खुशियाँ भर-भर कर आएँगी (ख) मन उदास होगा

(5) पदयांश का उपयुक्त शीर्षक चुनिए-

(क)झूला झूलें (ख) गगन

(6) दिए गए शब्दों के विलोम लिखो।

(क) ऊँचा- (ख) सुख-

व्याकरण -विभाग

प्रः2 (अ) भाषा के कितने रूप है? कौन-कौन से? **[2 Marks]**

(ब) स्वर की संख्या कितनी है? **[2 Marks]**

(ब) निम्नलिखित विशेषण को रेखाकिंत कर उनके भेद लिखिए- **[5 Marks]**

1 नेहा ने लाल रंग की फ्रॉक पहनी है।

2 सिर में भयंकर दर्द हो रहा है।

3 दस किलो आटा दे दो।

4 मेरे गाँव में बडा डाकघर है।

5 चारो मज़दूर काम कर रहे हैं।

(क) नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया शब्दों पर गोला लगाईए| **[3 Marks]**

1) नानी ने परियों की कहानी सुनाई|

2) हमें सदा सच बोलना चाहिए|

3) माँ खाना बना रही है|

प्रः2(अ)निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए- **(6Marks)**

1 मुझे काम है।

2 यह है उनका घर।

3 बाहर कोई खड़ा है।

4 तुम्हारा नाम क्या है?

5 जिसकी लाठी उसकी भैंस

6 वह घर स्वयं चला जाएगा

प्रः2(ज)निम्नलिखित उदाहरण देखकर संज्ञा बताइए- (2Mark)

ताजमहल	रामायण
मिठास	बचपन

साहित्यक- विभाग

प्रः3(अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (8Mark)

1 'प्रागैतिहासिक काल' का अर्थ क्या है?

2 सुरंगनुमा रास्ते का प्रयोग कौन करते थे?

3 छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

4 जब से मनुष्य ने लिखना शुरु किया, तब से किसका आरंभ हुआ?

5 लेखिका का जन्म किस सदी में हुआ था?

6 श्यामा मटके से क्या निकालकर लाई थी?

7 कौन गोल होकर भी तिरछा नज़र आता है?

8 चिड़िया किसके लिए गाती है?

प्रः3(ब)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(किन्हीं-चार) (8Marks)

1 इस क वता के आधार पर बताओ क च ड़या को कन- कन चीज़ों से प्यार है?

2 ले खका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?

3 प्रेमचंद ने इस कहानी का नाम 'नादान दोस्त' रखा।तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे?

4 मनुष्य कब सभ्य कहा जाने लगा?

5 छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नहीं थी? पाठ के आधार पर लखो।

प्रः3(क) एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (किन्हीं चार) (4Marks)

1 अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी ?

2 मारिच क्यों क्रोधित था?

3 भरत और शत्रुघ्न कहाँ गए थे?

4 राम ने वन गमन को क्या कहा?

5 सीता क्यों व्याकुल हो गयीं?

लेखन -विभाग

प्रः4(अ)निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए-(किन्हीं एक) **(7Marks)**

1 अभ्यास का महत्त्व

2 परिश्रम ही सफलता की कुँजी है

प्रः4(ब)निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए-(किन्हीं एक) **(7Marks)**

1 दीपावली

अथवा

स्वंतत्रता दिवस

प्रः4(क) निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए- **(6Marks)**

1 **बहन की शादी के लिए अवकाश प्रदान हेतु प्रार्थना पत्र।**

अथवा

अपने क्षेत्र की सफ़ाई के लए नगर निगम के स्वास्थ्य अ धकारी को पत्र ल खए।